स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 343, दिनांक 22–11–2024

पेट्रोल पम्प से हाई स्पीड डीजल एण्ड लाइट डीजल आयल जनपद कौशाम्बी से क्रय कर सीमावर्ती प्रदेशों में ऊँचे दामों पर बिना किसी कागजात के बिक्री करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना व उसका साथी गिरफ्तार।

दिनांक–22–11–2024 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को रिलायन्स पेट्रोल पम्प से हाई स्पीड डीजल एण्ड लाइट डीजल कम दाम में क्रय कर सीमावर्ती प्रदेशों में ऊँचे दामों में बिक्री करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना व उसके साथी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–

1. दीपक कुमार पुत्र स्व0 नेकराम, निवासी ग्राम राला नयापुरवा, जनपद कौशाम्बी।
2. सचिन करवरिया पुत्र मुन्ना लाल करवरिया निवासी ग्राम सिघिया भरवारी, थाना कोखराज, जनपद कौशाम्बी।

बरामदगी :–

1. 1,800 लीटर हाई स्पीड डीजल एण्ड लाइट डीजल।
2. एक अदद महिन्द्रा मैक्स ट्रक नम्बर यू0पी0–32–एक्स0एन0–5976।
3. 03 अदद मोबाइल फोन।
4. 02 अदद आधार कार्ड।
5. 02 अदद पैनकार्ड।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः–

यमुना नदी पुल के पास, थाना क्षेत्र महेवाघाट, कौशाम्बी, दि0 22–11–2024, समय 15:40 बजे।

जनपद प्रयागराज व आस–पास के जनपदों कौशाम्बी, फतेहपुर आदि में पेट्रोल/ डीजल कम दामों में क्रय करके ऊँचे दामों में बिना किसी कागजात के विक्रय करने वाले हाइटेक गिरोह के सम्बन्ध में लगातार सूचनाएँ प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के नेतृत्व में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

फील्ड इकाई प्रयागराज टीम द्वारा पेट्रोल पम्प से पेट्रोल/डीजल को कम दामों में क्रय कर सीमावर्ती प्रदेशों में ऊँचे दामों में विक्रय करने वाले गिरोह के सदस्यों के सम्बन्ध में सूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि

जनपद कौशाम्बी के थाना क्षेत्र महेवाघाट पेट्रोल पम्प से हाई स्पीड डीजल कम दाम में क्रय कर चित्रकूट के रास्ते मध्य प्रदेश ले जाने वाले है। इस सूचना पर विश्वास करके उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षीगण राजेश कुमार, रोहित सिंह, अजय कुमार यादव द्वारा थाना महेवाघाट पुलिस व जिला पूर्ति अधिकारी को सहयोगार्थ साथ लेकर यमुना नदी पुल के पास, थाना क्षेत्र महेवाघाट, कौशाम्बी पर पहुॅचकर महिन्द्रा ट्रक में बने टैंक के अन्दर लोड 1800 लीटर डीजल के साथ गिरोह के सरगना व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मैं अपने सहयोगी /चालक सचिन करवरिया के साथ पिछले कई वर्षों से कल्याणपुर, सैनी रोड स्थित रिलायन्स जियो पेट्रोल पम्प के मालिक घनश्याम जायसवाल उर्फ अनुज व एकाउन्ट मैनेजर पवन जायसवाल की साठ–गांठ से हाई स्पीड डीजल कम दाम में क्रय करके मध्य प्रदेश में ऊॅचे दामों में बिक्री का काम कर रहा हूॅ। जनपद कौशाम्बी उ0प्र0 से कम दाम में डीजल क्रय करके मध्य प्रदेश में डीजल की बिक्री करके अच्छा मुनाफा मिल जाता है। उक्त डीजल को ले जाने हेतु महिन्द्रा मैक्स ट्रक में नीचे एक टैंक बनवाया गया है, जिसमें डीजल लोड करके उसके ऊपर अन्य परचून का सामान लोडकर चित्रकूट के रास्ते मध्य प्रदेश डीजल पहुॅचाने का काम करता आ रहा हूॅ तथा मध्य प्रदेश में सेटिंग के पेट्रोल पम्प पर उपरोक्त डीजल को विक्रय कर देता हूॅ। प्रति लीटर हम लोगों को 6–7 रूपये का मुनाफा होता है तथा जो मुनाफे पैसा का मिलता है उसे हम लोग आपस में बांट लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उक्त कार्य में अब तक लाखों रूपये कमा चुके हैं। आज भी हम लोग हाई स्पीड डीजल व लाइट डीजल लोड कर चित्रकूट के रास्ते मध्य प्रदेश में विक्रय हेतु ले जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना महेवाघाट, जनपद कौशाम्बी में धारा–3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराकर अभियुक्तों को दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही आपूर्ति विभाग तथा स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।